
## बॉलीवुड

## सिनेमा से


● रिपोर्टर

### 'अनुपमा' में 'राधाकृष्ण' की रुक्मिणी की एंट्री, करेंगी समधन का रोल, नए ट्विस्ट से मिलेगी टीआरपी



**मुंबई।** टीवी का पॉपुलर शो अनुपमा काफी समय से विवादों में घिरा हुआ है। बार-बार एक्टर्स के निकाले जाने की वजह से शो चर्चा में है। जल्द इसमें नए कलाकार की एंट्री होने वाली है। टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस झलक देसाई शो में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक्ट्रेस सीरियल में प्रेम की सौतेली मां का रोल अदा करेंगी। मिसेज कोठारी के रोल में झलक को देखना फैंस के लिए ट्रीट होने वाला है। अटकलें हैं एक्टर राहील आजम की भी शो में एंट्री हो सकती है। वो सीरियल में प्रेम के पिता का रोल निभा सकते हैं। राहिल ने हातिम, मैडम सर, तू आशिकी, सीआईडी जैसे टीवी शोज में काम कर अपनी पहचान बनाई है।

### अभिरा की जान बचाएगी रूही, अरमान बनेगा देवदास



'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के अपकमिंग एपिसोड में जबरदस्त नाटक होने वाला है, जिसे देख आपके होश उड़ जाएंगे। जैसे ही अभिरा पीछे झुकने की कोशिश करती है। वह छत से नीचे गिरने वाली होती है। वहीं दूसरी ओर अरमान अपने रिश्ते को लेकर बहुत परेशान दिखाई देता है।

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के अपकमिंग एपिसोड में अभिरा के वकील मनीष से विद्या और अभिर के बीच के रिश्ते के बारे में सवाल करते हैं। मनीष कोर्ट को बताता है कि विद्या अभिर और उसकी भलाई के खिलाफ है। वकील आगे पूछता है कि क्या मनीष विद्या पर अभिर की दुर्घटना के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगा रहा है, जिस पर मनीष जवाब देता है कि वह इसकी पुष्टि नहीं कर सकता।

### आजाद फिल्म से करेंगी करियर की शुरुआत रवीना टंडन की बेटी

# राशा थडानी

## डेब्यू फिल्म से मचाएंगी धूम?



● मंथन संवाददाता

**मुंबई।** राशा थडानी इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। वह एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अजय देवगन की आजाद फिल्म का इंतजार फैंस लंबे समय से कर रहे हैं। इसके जरिए दो स्टार किड्स अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करेंगे। पहला नाम रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी का है। वहीं, अजय के भांजे अमन देवगन भी इस मूवी से बतौर एक्टर नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है। इसमें घोड़े की रोचक कहानी को दिखाया गया है।

**उई अम्मा सॉन्ग से राशा ने चुराई लाइमलाइट**

रवीना की लाडली राशा का पहला गाना खूब चर्चा में है। शायद वह पहली स्टारकिड होंगी, जिसने फिल्म के पहले सॉन्ग से ही लाइमलाइट चुराने का काम किया है। सोशल मीडिया पर उई अम्मा पर उनके डांस को खूब पसंद किया जा रहा है। इन दिनों उनका एक नया वीडियो चर्चा में बना हुआ है, जिसमें उन्हें 12वीं क्लास के बोर्ड एग्जाम की तैयारी करते हुए देखा गया। 5 दिन पहले रिलीज हुआ उनका सॉन्ग यूट्यूब पर 23 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। ट्रेंडिंग सॉन्ग की लिस्ट में गाने ने पांचवा स्थान बनाया हुआ है।

**मां की तरह राशा थडानी ने डांस से बनाया दीवाना**

रवीना टंडन बेहतरीन एक्ट्रेस होने के साथ ही डांस से भी लोगों को दीवाना बना चुकी हैं। एक्ट्रेस के फैंस को राशा थडानी का डांस भी पसंद आ रहा है। दर्शकों को राशा में उनकी मां की झलक देखने को मिल रही हैं। वहीं, डांस स्टेप में उनका परफेक्शन तारीफ के काबिल है।

## अनोखी ख़बरें

### शव को ले जा रही एंबुलेंस गड्ढे से टकराई और जिंदा हो गया बुजुर्ग




हार्ट अटैक से मौत के बाद पांडुरंग के शव को एम्बुलेंस से घर ले जाया जा रहा था, तभी अचानक सड़क के गड्ढे से एंबुलेंस बुरी तरह टकरा गई और उनके शरीर में हलचल होने लग गई।

सड़क पर गड्ढे जो लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं, उन्हीं गड्ढों ने एक व्यक्ति की जान वापस कर दी। अब इसे आप नए साल का चमत्कार या %न्यू ईयर मिरेकल% भी कह सकते हैं। दरअसल, महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कस्बा बावडा उपनगर के निवासी पांडुरंग तात्या वारकरी 15 दिन पहले हरि नाम का जाप कर रहे थे कि उनको हार्ट अटैक आ गया। 65 वर्षीय पांडुरंग तात्या को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत सुधारने काफी की कोशिश की लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। आखिर में डॉक्टरों ने पांडुरंग तात्या वारकरी को मृत घोषित कर दिया गया। उनके परिजनों ने उन्हें अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भूमि ले जाने की तैयारी भी शुरू की।

**शरीर में हरकत देखते वापस अस्पताल लेकर भागे परिजन:** अस्पताल का बिल चुकाकर मृतक पांडुरंग तात्या को एम्बुलेंस से घर ले जाया जा रहा था, तभी अचानक सड़क के गड्ढे से एंबुलेंस बुरी तरह टकरा गई और पांडुरंग का शरीर जीवित हो गया। उनकी पत्नी ने कहा, 'जब हम उनके शव को अस्पताल से घर ला रहे थे, तो एम्बुलेंस एक गड्ढे से गुजरी और हमने देखा कि उनकी उंगलियां हिल रही थीं।'

**घर पहुंचने पर बुजुर्ग का जोरदार स्वागत:** शरीर में दिख रही हलचल को देखते हुए परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जिस बुजुर्ग को मृत घोषित किया गया था, वह अस्पताल में चलते हुए पहुंचे। तात्या का फिर से इलाज शुरू किया गया जिसके बाद उनकी तबीयत सुधरने लगी और अब उन्हें अस्पताल से घर जाने की छुट्टी भी दी गई है। घर पहुंचने पर परिजनों ने उनकी आरती उतारी और फूल मालाओं से स्वागत किया।

### दुनिया के सबसे छोटे घोड़े को मिली गिनीज बुक में जगह




दुनिया के सबसे छोटे घोड़े बॉम्बेल की ऊंचाई 56.7 सेमी है। बॉम्बेल नाम का यह घोड़ा कासकडा के फॉर्म हाउस में कई बड़े घोड़ों के साथ रहता है। पोलैंड में दुनिया के सबसे छोटे घोड़े बॉम्बेल का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। यह घोड़ा पोलैंड के मिनिएचर अप्पालूसा का है। इसकी ऊंचाई मात्र 56.7 सेमी (एक फिट 10 इंच) है। इस घोड़े के मालिक पैट्रीक और केटरजाइना ने पहली बार इसे 2014 में देखा था। तब यह सिर्फ दो महीने का था।

**सोचा था, नहीं बढ़ा तो गिनीज बुक में दर्ज कराएंगे:** पैट्रीक और केटरजाइना को पहले तो लगा कि शायद इसे कुछ हो गया है, लेकिन बाद में पता चला कि यह बढ़ नहीं रहा। इसके बाद सोचा गया कि ऐसा ही रहा तो इसका नाम गिनीज बुक में दर्ज कराया जाएगा।

## खेल-खिलाड़ी

### 'मेरी कहानी खत्म...', चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिसे मना रही थी बोर्ड, उसने अचानक किया संन्यास का ऐलान



**स्पोर्ट डेस्क।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आगाज में अब गिनती के महज कुछ दिन शेष रहे हैं। उससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। बोर्ड आगामी टूर्नामेंट के लिए जिस खिलाड़ी को मनाने में लगी हुई थी। उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह कोई और नहीं बल्कि बांग्लादेश के धाकड़ सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल हैं। 35 वर्षीय बल्लेबाज ने सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट करते हुए अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया है। खास बात यह है कि तमीम ने पहली बार रिटायरमेंट का ऐलान नहीं किया है। वह पहले भी संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। मगर उस दौरान उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया था।

रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए तमीम इकबाल ने फेसबुक पर लिखा है, 'मैंने एक लंबे समय से इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है और यह अंतर अब आगे भी कम नहीं होना वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरी कहानी खत्म हो चुकी है। मैं पिछले काफी समय से इसपर विचार कर रहा था। चैंपियंस ट्रॉफी के बारे में मैं नहीं चाहता हूं कि मेरी वजह से टीम का ध्यान भटके। यही वजह है कि मैं पिछले काफी समय से राष्ट्रीय अनुबंध से हट गया हूं। कोई ऐसा खिलाड़ी जो पिछले काफी समय से बीसीबी अनुबंध में नहीं है।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 की समाप्ति**

**अब भारतीय टीम अगली बार टेस्ट मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का चौथा चक्र (2025-27) शुरू हो चुका रहेगा**

### ऑस्ट्रेलिया दौरा खत्म... अब टेस्ट खेलने के लिए मैदान पर कब उतरेगी टीम इंडिया, किसके साथ होगा मुकाबला?

● मंथन संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा समाप्त हो चुका है। ये दौरा भारतीय टीम के लिए यादगार नहीं रहा और वह पांच में से केवल एक टेस्ट जीत सकी। नतीजतन उसने 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी गंवा दी। साथ ही भारतीय टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने का मौका भी गंवा दिया।

**अब किस टीम से भारत का अगला टेस्ट?**

ऑस्ट्रेलिया सीरीज की समाप्ति के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तीसरे चक्र (2023-25) में भारतीय टीम का सफर समाप्त हो गया। अब जब भारतीय टीम अगली बार टेस्ट मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का चौथा चक्र



(2025-27) शुरू हो चुका रहेगा।

कुल मिलाकर भारतीय टीम अब लगभग 5 महीने तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेलने जा रही है। टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए जून के महीने में इंग्लैंड का दौरा करेगी। डब्ल्यूटीसी के तीसरे चक्र के फाइनल मुकाबले के कुछ दिन बाद ही ये पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है। भारतीय टीम आखिरी बार टेस्ट सीरीज के लिए साल 2021 में इंग्लैंड दौरे पर गई थी, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ था। हालांकि कोविड-19 के प्रकोप के कारण उस दौरे का आखिरी टेस्ट मैच 2022 में हुआ था, जिसे इंग्लैंड ने सात विकेट से जीता।

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का शेड्यूल (2025)**

- 20-24 जून: पहला टेस्ट, हेडिंग्ले
- 2-6 जुलाई: दूसरा टेस्ट, बर्मिंघम
- 10-14 जुलाई: तीसरा टेस्ट, लॉर्ड्स
- 23-27 जुलाई: चौथा टेस्ट, मैनचेस्टर
- 31 जुलाई-4 अगस्त: पांचवां टेस्ट, द ओवल

**डब्ल्यूटीसी के अगले चक्र में इन टीमों से होंगे मुकाबले**

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के चौथे चक्र में भारतीय टीम को 18 मैच खेलने होंगे। पहले भारतीय टीम इंग्लैंड की धरती पर पांच टेस्ट मैच खेलेगी। इसके बाद अक्टूबर-नवंबर के दौरान भारतीय टीम अपने घर पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो-दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। फिर भारत अगस्त 2026 में दो टेस्ट मैचों के लिए श्रीलंका की यात्रा करेगा। जबकि भारतीय टीम अक्टूबर 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जाएगी। साल 2027 की शुरुआत में भारतीय टीम 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

### दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन लेने जा रहे संन्यास? इंस्टाग्राम पोस्ट से मची सनसनी

● मंथन संवाददाता

**स्पोर्ट डेस्क।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया बुरी तरह से फेल रही। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय बल्लेबाज फ्लॉप रहे। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर भारतीय गेंदबाजी भी लचर रही। नतीजा ये हुआ कि टीम इंडिया को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से करारी शिकस्त देते हुए ना केवल 10 साल बाद बीजीटी पर कब्जा किया बल्कि लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह बना ली।

**रिटायरमेंट के संकेत :** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत के दिग्गज गेंदबाज का रिटायरमेंट भी देखने को मिला। गाबा में तीसरा



टेस्ट ड्रॉ होने के तुरंत बाद दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहते हुए सभी को हैरान कर दिया। इसके बाद अश्विन सीरीज के बीच में ही भारत लौट आए। अब बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खत्म होने के बाद एक और स्पिनर के रिटायरमेंट की अटकलें लगाई जा रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर होने के बाद रिटायरमेंट की अटकलों को और हवा मिल गई है। दरअसल, स्टार भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक तस्वीर शेयर की है, जिसके बाद उनके संन्यास के कयास लगाए जाने लगे हैं। जडेजा ने अपनी टेस्ट जर्सी की फोटो इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर की, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जडेजा ने बिना किसी कैप्शन के ये फोटो शेयर किया, जिससे उनके संन्यास को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। फैंस अब जडेजा की जर्सी के फोटो को कहीं न कहीं उनके संन्यास से जोड़ कर देख रहे हैं।

### मनोज तिवारी ने गौतम गंभीर को कहा पाखंडी, बचाव में उतरे 2 भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर को झूठा और पाखंडी कहने वाले मनोज तिवारी को हर्षित राणा और नीतीश राणा ने आड़े हाथों लिया है। हर्षित और नीतीश ने एक सुर में कहा कि किसी की आलोचना फैक्ट्स के आधार पर होनी चाहिए ना कि निजी असुरक्षा की वजह से किसी को भला बुरा कहना चाहिए।मनोज तिवारी ने कहा कि गौतम गंभीर जो कहते हैं वो करते नहीं हैं। पूरा क्रेडिट खुद लेकर चले जाते हैं। केकेआर को दो बार आईपीएल चैंपियन क्या सिर्फ गौतम गंभीर ने बनाए हैं। लेकिन श्रेय कौन ले जाता है।यह सभी को मालूम है। लेकिन मैं यहां पर यह बताना चाहूंगा कि केकेआर सामूहिक प्रयास से दो बार चैंपियन बनी। जिसमें जैक्स कैलिस, सुनील नारायण और मेरा अहम योगदान रहा।